यूटीयू के कुलपति ने पांच कालेजों में पकड़े आठ नकलची

हरिद्वार जनपद के कालेजों का किया औचक निरीक्षण, विवि से संबद्ध इन निजी कालेजों में चल रही हैं परीक्षाएं

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने शनिवार को विवि से संबद्ध हरिद्वार जनपद के करीब नौ कालेजों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति के साथ विवि का फ्लाइंग दस्ता भी था। इन सभी कालेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। इस दौरान आठ छात्रों को नकल करते पकड़ा। मौके पर नकल और प्रतिबंधित तकनीकी उपकरणों का प्रयोग करने वाले छात्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का कुलपति ने विवि के लिए परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया। पकड़े गए आठ विद्यार्थियों में एक छात्रा भी है।

शनिवार को उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने परीक्षाओं की सुचिता की जांच के लिए रुड़की व हरिद्वार क्षेत्र के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करना शुरू किया। उन्होंने हरिद्वार जिले के ला, फार्मेसी और इंजीनियरिंग कालेजों को निरीक्षण के लिए चुना। कुलपति ने जिन कालेजों का निरीक्षण किया, उनमें बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज, बीएसआइ इंजीनियरिंग कालेज, तारावती इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, आइटीआर कालेज, आरसीपी कालेज, कालेज आफ इंजीनियरिंग रुड़की, फोनिक्स कालेज, अरिहंत ला कालेज, चमन लाल ला कालेज, अमृत ला कालेज शामिल रहे।

हरिद्वार के एक इंजीनियरिंग कालेज में समेस्टर परीक्षा के दौरान यूटीयू के कुलपति प्रो ओंकार सिंह निरीक्षण करते हुए ● साभार- विवि

इन पांच कालेजों में पकड़े गए नकचली

कुलपति ने बीएसएम इंजीनियरिंग कालेज में एक छात्रा, बीएसआइ इंजीनियरिंग कालेज में एक छात्र, आरसीपी कालेज में दो छात्र, चमनलाल ला कालेज में एक छात्र व अमृत ला कालेज में तीन छात्र नकल करते हुए पकड़े। इन छात्रों के कब्जे से चार मोबाइल फोन, एक स्मार्ट घड़ी, छह ब्लूटूथ व एक ईयरफोन बरामद किया। मौके पर सभी तकनीकी उपकरणों को कब्जे में लेकर छात्रों की कापी सील कर दी गई। कुलपति ने संबंधित संस्थानों के निदेशकों को चेतावनी दी कि आगे की परीक्षा में यदि पारदर्शिता नहीं बरती गई तो मान्यता रद्द कर दी जाएगी। उन्होंने मौके पर यूटीयू के परीक्षा नियंत्रक को तत्काल संबंधित संस्थानों से परीक्षा संचालित किए जाने की वीडियो रिकार्डिंग की रिपोर्ट विवि को देने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

शैक्षिक गुणवत्ता से समझौता स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। शैक्षिक गुणवत्ता में अगर समझौता करेंगे तो शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आशा करना बेमानी होगी। परीक्षा में पारदर्शिता व सुचिता बरती जाए, इसके समग्र व सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यूटीयू से संबद्ध संस्थानों में शैक्षणिक वातावरण बने और खराब होती तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके। शैक्षणिक सुधार देश और प्रदेश के नौजवानों के हित में है।

- प्रो.ओंकार सिंह, कुलपति, यूटीयू

इन संस्थानों में परीक्षा के सभी मानक पूरे पाए गए

कुलपति प्रो . ओंकार सिंह एवं विवि की फ्लाईंग टीम ने हरिद्वार के इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, आइटीआर कालेज, फोनिक्स इंजीनियरिंग, कालेज आफ इंजीनियरिंग रुड़की व अरिहंत ला कालेज में साफ सुथरी तरीके से परीक्षा संचालित होते पाई।